**Lucknow**, Thursday,
23 April 2020

LUCKNOW EDITION

Lucknow/Sitapur Distt.- ₹ 2/-
Other Distt.- ₹ 3/-
Pages 8

# दैनिक जागरण

myupchar
आपकी सेहत का साथी
दवाएं खरीदने के लिए
घर से बाहर न जाएं
मिस्ड कॉल करें
9742965500

www.inextlive.com | Published from LUCKNOW • Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Kanpur • Meerut • Patna • Prayagraj • Ranchi • Varanasi




Babul Supriyo questions WB govt's decision to ban mobile phones in COVID-19 hospitals@brijesh_b2

# पर मैनेजमेंट कॉलेजेज अब ऑनलाइन

**LUCKNOW (22 April, inext):** लॉकडाउन के दौरान बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए कॉलेज द्वारा ऑनलाइन क्लासेज चलाई जा रही हैं. इसके लिए कॉलेज गूगल क्लास रूम, यूट्यूब क्लास रूम आदि का सहारा लिया जा रहा है. इसके जरिये स्टूडेंट्स का सिलेबस पूरा कराया जा रहा है. इतना ही नहीं कुछ कॉलेज एग्जाम कराने के लिए भी इसका सहारा लेने की तैयारी कर रहे हैं. आइए जानते हैं कि कॉलेजों द्वारा किस तरह से ऑनलाइन क्लासेज चलाई जा रही हैं और सिलेबस को पूरा किया जा रहा है.

CONCEPT PIC



इंजीनियरिंग कॉलेज ऑनलाइन मोड में पूरा करा रहे हैं कोर्स

## गूगल क्लास रूम पर ले रहे क्लास

सेठ विशम्भर नाथ ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स में बीटेक के सभी ब्रांच की क्लासेज गूगल क्लास रूम से ली जा रही हैं. इसके साथ एकेटीयू ने स्टूडेंट्स को ऑनलाइन नोट्स मुहैया कराया है. कॉलेज के शिक्षक खासतौर पर फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स की पढ़ाई पर फोकस कर रहे हैं क्योंकि उनको इसके बाद प्लेसमेंट की तैयारी करनी है. इसके अलावा इंस्टीट्यूशन की ओर से बच्चों को डेली ऑनलाइन असाईनमेंट दिए जा रहे हैं, जिसे पूरा कर स्टूडेंट्स उसी दिन जमा करते हैं. शिक्षक भी उसी दिन चेक कर उन्हें भेज देते हैं. इसके अलावा एग्जाम की तैयारियों के लिए स्टूडेंट्स को ओएमआर शीट्स के माध्यम से सवाल जवाब की तैयारी कराई जा रही है. बच्चों के प्रैक्टिकल पूरे कराने के लिए उनका ग्रुप तैयार किया जा रहा है. यूनिवर्सिटी से मंजूरी मिलने के बाद इसे शुरू कर दिया जाएगा.



"इंस्टीट्यूशन में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स और शिक्षकों का गूगल क्लास रूम के साथ वाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है. वाट्सएप ग्रुप पर स्टूडेंट्स को होम वर्क दिया जाता है. स्टूडेंट्स होम वर्क पूरा करके ग्रुप पर जवाब भी देते हैं. तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता से वर्चुअल प्रयोग भी स्टूडेंट्स को दिए जा रहे हैं. **विनय रस्तोगी,** चेयरमैन, सेठ विशम्भर नाथ ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स

## यूट्यूब क्लास रूम से करा रहे पढ़ाई

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था की है. कॉलेज के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. भरत राज सिंह ने बताया कि क्लासेज को टाइम टेबल के अनुसार टीचर्स द्वारा लेक्चर, नोट तैयार कर वाट्सएप ग्रुप से स्टूडेंट्स को उपलब्ध कराया जा रहा है. नेपटैल मोडल्स लेक्चर, लाइव वीडियो लेक्चर, टेस्ट, क्विज को गूगल क्लास रूम, यूट्यूब क्लास रूम के जरिये स्टूडेंट्स तक पहुंचाया जा रहा है. इसकी मॉनीटरिंग डीन डॉ. धर्मेंद्र सिंह द्वारा की जा रही है. इसमें एकेटीयू भी काफी मदद कर रहा है. इंजीनियरिंग शिक्षा में कई शिक्षकों द्वारा आईसीटी टूल्स का विशेष उपयोग किया जा रहा है, जिनके लेक्चर का लिंक के वेबसाइट पर उपलब्ध है. इस प्रकार इंजीनियरिंग शिक्षण को रोजगारपरक व बेहतरीन बनाने के लिए शिक्षक, प्रबंधन और विश्वविद्यालय के तालमेल से आधुनिकतम टूल्स का यूज किया जा रहा है.



"लॉकडाउन के दौरान स्टूडेंट्स की पढ़ाई किसी तरह से प्रभावित न हो इसके लिए हमारे यहां ऑनलाइन पढ़ाई कराई जा रही है. इसके लिए कई टूल्स का यूज किया जा रहा है. वही आईटी सेल ऑनलाइन पढ़ाई के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है. पूरी कोशिश है कि स्टूडेंट्स का किसी तरह का कोई नुकसान न हो.

**शरद सिंह,** सीईओ, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज

- स्टूडेंट्स के लिए कॉलेज ऑन लाइन एग्जाम कराने की भी कर रहे हैं तैयारी.

## ऑनलाइन पेपर कराने की तैयारी शुरू

गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में गूगल क्लास रूम के माध्यम से स्टूडेंट्स की ऑनलाइन पढ़ाई कराई जा रही है. टीचर वीडियो रिकार्ड कर स्टूडेंट्स तक अपने लेक्चर व नोट्स पहुंचा रहे हैं. इसके अलावा यह सभी वीडियो संस्थान यूट्यूब पर भी अपलोड कर रहा है ताकि स्टूडेंट्स द्वारा कुछ छूट जाए तो वह बाद में देख सकें. ऑनलाइन क्लासेज के लिए एक टाइम टेबल बनाया गया है, जिसे सभी स्टूडेंट्स को हर हाल में फालो करना होता है. ऑनलाइन क्लासेज सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चलाई जा रही है. संस्थान ने ऑनलाइन मोड में लगभग सभी कोर्सेस का सिलेबस पूरा करा लिया है. वही 20 अप्रैल से ऑनलाइन पेपर कराने की तैयारी शुरू करने जा रहे हैं.



"हमने ऑनलाइन मोड में क्लासेज संचालित करने के लिए टाइमटेबल तैयार किया है. टाइम टेबल के अनुसार ही हमारे यहां क्लासेज चल रही है. हर दिन सुबह नौ बजे से शाम 4 बजे तक आमदिनों की तरह ही हमारे इंस्टीट्यूट में पढ़ाई हो रही है.

**इं महेश गोयल,** चेयरमैन, गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

## वर्चुअल लैब का कर रहे हैं यूज

पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी शिक्षकों और स्टूडेंट्स को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लेकर आया है. इसके लिए स्टूडेंट्स और टीचर गूगल क्लास रूम और गूगल मेट पर रजिस्टर्ड हैं. इसी माध्यम से सभी क्लासेज की अध्ययन सामग्री, असाइनमेंट, क्विज आदि अपलोड कर बच्चों की क्लास कराई जा रही है. यूनिवर्सिटी ने सभी शिक्षकों को सेशन वाइज स्टडी मैटेरियल ऑनलाइन अपलोड करने को कहा है. यूनिवर्सिटी प्रशासन एमएचआरडी की ओर से शुरू किए गए वर्चुअल लैब का प्रयोग अपने विभिन्न विषयों के प्रैक्टिकल को पूरा कराने के लिए कर रही है. इसके साथ ही परीक्षा भी विषय शिक्षकों के माध्यम से समस्या के समाधान और टेलीफोनिक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अलग-अलग या समूह बनाकर ऑनलाइन आयोजित की जा रही है.



"अनुसार हर शिक्षक, स्टूडेंट्स और कर्मचारी को आरोग्य एप डाउनलोड कराया है, यूनिवर्सिटी में सभी ऑनलाइन मोड का प्रयोग करते हुए सभी विषयों का सिलेबस पूरा कराया जा रहा है. वेबपेज, फेसबुक अपडेट्स आदि के संदेशों से कोरोना से जुड़ी सावधानी व उपायों के बारे में स्टूडेंट्स को नियमित रूप से सूचना दी जा रही है. **प्रो. एसडब्ल्यू अख्तर** फउंडर व चांसलर, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी